परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय – 2 , मुम्बई

आवधिक परीक्षा – 1 (2023-24)

विषय – हिंदी (द्वितीय भाषा)

कक्षा – सांतवी   अंक – 40   समय – डेढ़ घंटा

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तरों के बहुविकल्पीय सही उत्तर चुनकर लिखिए – 5

कहाँ ये भागी जा रही हैं ? वह कौन लक्ष्य है , जिसने इन्हें बेचैन बना रखा है ? अपने महान पिता का विराट प्रेम पाकर भी अगर इनका हृदय अतृप्त ही है तो वह कौन होगा जो इनकी प्यास मिटा सकेगा | बर्फ जली नंगी पहाड़ियाँ , छोटे-छोटे पौधों से भरी घाटियाँ , बंधुर अधित्यकाएं , सरसब्ज उपत्काएं ऐसा है इनका लीला निकेतन | खेलते-खेलते जब ये जरा दूर निकल जाती हैं तो देवदार, चीड ,सरो,चिनार , सफेदा ,कैल के जंगलों में पहुँचकर शायद इन्हें बीती बातें याद करने का मौका मिल जाता होगा | कौन जाने बूढ़ा हिमालय इन नटखट बेटियों के लिए कितना सिर धुनता होगा | बड़ी-बड़ी घाटियों से जाकर पूछिए तो उत्तर में विराट मौन के सिवाय उनके पास और रखा ही क्या है ?

1. कौन भागी जा रही हैं ?

क. हिमालय   ख. पर्वत   ग. नदियाँ   घ. लेखिका

2. नदियों की बाल लीला कहाँ देखी जा सकती हैं ?

क. घाटियों में ख. नंगी पहाड़ियों में ग. उपत्यकाओं में घ. ऊपर्युक्त सभी

3. नदियों का पिता कौन है ?

क. समुद्र ख. हिमालय ग. मैदान घ. बूढ़ी पहाड़ी

4. हिमालय की बेटियाँ कैसी हैं ?

क. चंचल ख. नटखट ग. गम्भीर घ. क्रूर

5. ‘अतृप्त’ शब्द का अभिप्राय है –

क. उद्दंड ख. अशांत ग. असंतुष्ट घ. भूख

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के बहुविकल्पी उत्तरों में सही विकल्प चुनकर लिखिए - 5

हम पंछी उन्मुक्त गगन के
पंजर बद्ध न गा पाएगे
कनक तीलियों से टकराकर
पुलकित पंख टूट जाएँगे |
हम बहता जल पीनेवाले
मर जाएँगे भूखे-प्यासे
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक कटोरी की मैदा से |

1. पक्षी किस रूप में रहना चाहते हैं ?
   क. व्याकुल ख. पिंजरे में बंद ग. उन्मुक्त घ. पुलकित

2. पिंजरे में बंद रहकर पक्षी क्या नहीं कर पाएँगे ?

   क. गा नहीं पाएँगे ख. उड़ नहीं पाएँगे ग. कुछ खा नहीं पाएँगे घ. उपर्युक्त सभी

3. सोने का पिंजरा भी पक्षियों को क्यों पसंद नहीं आता ?

   क. वे तो खुले आसमान में उड़ना चाहतें हैं

   ख. क्योंकि उनकी आजादी छिन जाती है

   ग. क्योंकि वे कैदी के रूप में नहीं रहना चाहते हैं

   घ. उपर्युक्त सभी

4. कनक तीलियों से टकराकर क्या टूट जाएँगे ?

क. वे आसमान में उड़ने लगेंगे   ख. पिंजरा टूट जाएगा

ग. उनके पंख टूट जाएँगे   घ. उपर्युक्त सभी

5. 'कनक' शब्द का अर्थ है –

क. चाँदी ख. पीतल ग. सोना घ. ताम्बा

प्र.3 नीचे दिए गए विशेषण और विशेष्य का मिलान कीजिए - 2

विशेषण	विशेष्य
संभ्रांत	जंगल
चंचल	महिला
समतल	नदियाँ
घना	आँगन

प्र.4 इस प्रकार के दो-दो शब्द बनाइए – 2

जैसे - काठ (कठ) से बना - कठगुलाब , कठफोड़ा

क. हाथ – हथ = ------------ -----------------

ख. मिटटी – मट = ----------- ----------------

प्र.5 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनकर लिखिए - 5

अ. पक्षी कहाँ का जल पीना पसंद करते हैं ?

क. नल का ख. थाली का ग. नदी-झरनों का घ. कटोरी का

आ. समतल मैदानो में पहुंचकर नदियाँ कैसी हो जाती हैं ?

क. संकरी ख. छोटी ग. विशाल घ. दुबली

इ. कठपुतली को किस बात का दुःख था ?

क. हरदम हँसने का ख. दूसरों के इशारों पर नाचने का

ग. हरदम खेलने का घ. हरदम रोने का

ई. कठपुतली के मन में कौन-सी इच्छा जागी ?

क. मस्ती करने की ख. खेलने की

ग. आज़ाद होने की घ. नाचने की

उ. कठपुतली गुस्से से क्यों उबल रही थी ?

क. वह गुलाम होना चाहती थी ख. वह खेलना चाहती थी

ग. वह पराधीनता से परेशान थी घ. उपर्युक्त सभी

प्र. 6 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2*4=8

क. पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं ?
ख. काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है ?
ग. कठपुतली को गुस्सा क्यों आया ?
घ. पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतली को क्यों अच्छी लगी ?
ङ. हर तरह की सुख-सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते ?

प्र.7 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2* 4= 8

क. शांतनु द्वारा शर्त तोड़े जाने पर गंगा ने क्या किया ?
ख. देवव्रत भीष्म कैसे कहलाए ?
ग. अम्बा शिखंडी कैसे बनी और क्यों ?
घ. कर्ण सूत पुत्र क्यों कहलाए ?
ङ. महाभारत की रचना किसने की ?

प्र. 8 खेल सामग्री मँगवाने हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए | 5

****